# राजस्थान विधान सभा

## (सोलहवीं विधान सभा)

## षष्ठम्-सत्र

## तारांकित प्रश्नों की सूची

## मंगलवार, दिनांक 25 अगस्त, 2026

## कुल संख्या-22

| | |
|---|---|
| मुख्यमंत्री | 04 |
| उप मुख्यमंत्री | 04 |
| चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री | 04 |
| संसदीय कार्य मंत्री | 02 |
| खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री | 02 |
| पशुपालन एवं डेयरी मंत्री | 03 |
| वन राज्य मंत्री | 03 |

### छबड़ा विधान सभा क्षेत्र में चोरी व लूटपाट के दर्ज प्रकरण

44. (87/गृह) श्री प्रताप सिंह सिंघवी (94) – क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) क्या यह सही है कि विधान सभा क्षेत्र छबड़ा के मध्य प्रदेश सीमा से लगे गांवों में जनवरी, 2023 से जुलाई, 2026 तक पारदी गिरोह द्वारा लूटपाट, चोरी, मारपीट एवं अन्य आपराधिक घटनाएं घटित हुई हैं? यदि हां, तो ग्रामवार व थानावार विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) सरकार द्वारा मध्य प्रदेश सीमा से लगे क्षेत्रों में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ करने, नियमित पुलिस गश्त, विशेष पुलिस चौकी अथवा विशेष अभियान चलाने हेतु क्या-क्या कार्यवाही की गई?

(3) क्या सरकार द्वारा मध्य प्रदेश सीमा से लगे संवेदनशील

क्षेत्रों में सक्रिय पारदी गिरोहों की निगरानी, गिरफ्तारी एवं अपराध नियंत्रण के लिए राजस्थान एवं मध्य प्रदेश पुलिस के मध्य कोई संयुक्त अभियान अथवा समन्वय व्यवस्था संचालित की जा रही है? यदि हां, तो विवरण सदन की मेज पर रखें।

(4) क्या छबड़ा थर्मल पॉवर प्रोजेक्ट में जनवरी, 2023 से जुलाई, 2026 तक चोरी के प्रकरण दर्ज किये गये हैं? उक्त प्रकरणों में किन-किनके विरूद्ध क्या—क्या विभागीय/दण्डात्मक कार्यवाही की गई? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## ग्राम पड़िहारा (रतनगढ़) रेलवे फाटक पर ओवर ब्रिज का निर्माण

45. (1196/सार्वजनिक निर्माण) श्री पूसाराम गोदारा (91) – क्या सार्वजनिक निर्माण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) क्या सरकार द्वारा ग्राम पड़िहारा में रेलवे फाटक पर ओवरब्रिज निर्माण के संबंध में कोई सर्वे, तकनीकी परीक्षण, डीपीआर या प्रस्ताव तैयार किया गया है? यदि हां, तो विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या सरकार यातायात की समस्या के स्थायी समाधान हेतु पड़िहारा रेलवे फाटक पर ओवरब्रिज निर्माण के लिए रेलवे विभाग के साथ संयुक्त कार्यवाही प्रारंभ कर आवश्यक स्वीकृति प्रदान करने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अराई (किशनगढ) में ट्रोमा सेंटर की स्थापना

46. (26/चिकित्सा एवं स्वास्थ्य) श्री विकास चौधरी (148) – क्या चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) क्या सरकार विधान सभा क्षेत्र किशनगढ के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, अराई में ब्लड बैंक व ट्रोमा सेंटर खोलने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) उक्त विधान सभा क्षेत्र में किस-किस श्रेणी के कितने राजकीय चिकित्सालय संचालित हैं? उक्त में किस-किस श्रेणी के कितने पद स्वीकृत व कितने पद रिक्त हैं? सरकार द्वारा उक्त रिक्त पदों को कब तक भर दिया जायेगा? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) क्या सरकार विधान सभा क्षेत्र किशनगढ़ के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सुरसुरा, बांदरसिंदरी व दादिया को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में क्रमोन्नत करने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## मांडलगढ एडीजे कैम्प कोर्ट का स्थायीकरण

47. (1111/विधि एवं विधिक कार्य) श्री गोपाल लाल शर्मा (44) – क्या विधि एवं विधिक कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) प्रदेश में एडीजे कोर्ट खोले जाने के क्या प्रावधान हैं? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या सरकार विधान सभा क्षेत्र मांडलगढ के मांडलगढ कोर्ट के एडीजे कैम्प कोर्ट को स्थायी करने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## प्रदेश में एमएसपी दर पर बाजरे की खरीद

48. (755/खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति) डॉ. ऋतु बनावत (24) – क्या खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) प्रदेश में सरकार द्वारा वर्ष 2025 में एमएसपी दर पर कितना बाजरा खरीदा गया?

(2) क्या सरकार वर्ष 2026 में किसानों से एमएसपी दर पर बाजरे की खरीद हेतु केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजने का विचार रखती है? यदि नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) क्या सरकार वर्ष 2026 में किसानों से एमएसपी दर पर बाजरा खरीदने का विचार रखती है? यदि नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के तहत बीमा

49. (1025/पशुपालन) डॉ. प्रियंका चौधरी (96) – क्या पशुपालन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) प्रदेश में मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना में वर्ष 2025-26 व 2026-27 के अंतर्गत कितने पशुओं का बीमा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया?

(2) जिला बाड़मेर व बालोतरा में उक्त योजना अंतर्गत उक्त अवधि में कितने पशुपालकों एवं पशुओं का पंजीयन कर कितने पशुओं का सर्वे कर स्वास्थ्य परीक्षण किया गया व कितने पशुओं का बीमा पूर्ण किया गया तथा कितने आवेदन/पशु अभी बीमा से लंबित हैं? संख्यात्मक विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) क्या यह सही है कि उक्त योजना के क्रियान्वयन हेतु चयनित एजेंसी/बीमा कंपनी के प्रतिनिधियों द्वारा निर्धारित समय-सीमा में सर्वे एवं बीमा कार्य पूर्ण नहीं करने की शिकायतें प्राप्त हुई हैं? यदि हां, तो सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कार्यवाही की गई व नही, तो क्यों?

(4) प्रदेश में मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमार योजना के अंतर्गत विगत तीन वित्तीय वर्षों में पशु बीमा क्लेम के कितने आवेदन प्राप्त हुए? उक्त में से कितने स्वीकृत किए गए? स्वीकृत क्लेमों के विरुद्ध कितनी बीमा राशि स्वीकृत की गई तथा उसके विरुद्ध कितनी राशि का वास्तविक भुगतान किया गया? संख्यात्मक विवरण सदन की मेज पर रखें।

## सिकराय विधान सभा क्षेत्र में वन्य जीवों से जनहानि

50. (958/वन) श्री विक्रम बंशीवाल (149) – क्या वन राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) विधान सभा क्षेत्र सिकराय में विगत पांच वर्षों में वन्यजीवों के हमलों से कितनी जनहानि एवं पशुहानि हुई? वर्षवार संख्यात्मक विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या अरावली से सटे उक्त ग्रामों की सुरक्षा हेतु फेंसिंग/सोलर

फेंसिंग अथवा अन्य सुरक्षात्मक उपाय किए जाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है? यदि हां, तो विवरण सदन की मेज पर रखें।

## जिला जैसलमेर में डीएमएफटी फण्ड से स्वीकृत विकास कार्य

51. (538/खान एवं पेट्रोलियम) श्री छोटू सिंह (55) – क्या खान एवं पेट्रोलियम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) क्या यह सही है कि डीएमएफटी योजना के कोष से चिकित्सा, शिक्षा व्यवस्था व आवागमन के साधन उपलब्ध करवाने के लिए नियम व प्रावधान किये गए हैं? यदि हां, तो जिला जैसलमेर में प्रावधान के अनुसार खान मजदूरों के बच्चों हेतु अब तक कितनी राशि व्यय की गई? यदि नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या यह सही है कि उक्त कोष के उपयोग के लिए जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में गवर्निंग काउन्सिल के तहत विकास कार्यो की स्वीकृति दी जाती है? यदि हां, तो उक्त जिले में दिनांक 01 अप्रेल, 2020 से जुलाई, 2026 तक स्वीकृत कार्यों का विवरण सदन की मेज पर रखें।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का नियमितीकरण

52. (995/महिला एवं बाल विकास) श्री श्रवण कुमार (167) – क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

क्या सरकार आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को नियमितीकरण, मानदेय में वृद्धि, पेंशन तथा 10 वर्ष की सेवा पर पदोन्नति देने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## डीबी अस्पताल चूरू में यूनिट विस्तार

53. (1067/चिकित्सा शिक्षा) श्री हरलाल सहारण (191) – क्या चिकित्सा शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) चूरू मेडिकल कॉलेज से सम्बद्ध राजकीय डीबी अस्पताल

चूरू में वर्तमान में कौन-कौनसी यूनिट संचालित हैं? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या सरकार राजकीय डीबी अस्पताल में कार्डिक, न्यूरोलोजी व यूरोलोजी यूनिट संचालित करने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) चूरू मेडिकल कॉलेज में विगत दो वर्षों में आवश्यक उपकरणों हेतु राजमेष द्वारा कितना बजट आवंटित किया गया? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## मण्डरायल उपखण्ड मुख्यालय पर मुन्सिफ कोर्ट की स्थापना

54. (649/विधि एवं विधिक कार्य) श्री हंसराज मीना (188) – क्या विधि एवं विधिक कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) क्या यह सही है कि बजट 2023-24 में जिला करौली के मण्डरायल उपखण्ड मुख्यालय पर नवीन सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय (मुन्सिफ कोर्ट) स्थापित करने की घोषणा की गई थी? यदि हां, तो विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या यह भी सही है कि उक्त घोषणा के उपरान्त सरकार द्वारा करौली जिला एवं सत्र न्यायालय से मण्डरायल क्षेत्र से संबंधित लंबित प्रकरणों का विवरण प्राप्त किया गया था तथा लगभग 900 प्रकरण लंबित पाए गए थे?

(3) क्या यह सही है कि सरकार के निर्देशानुसार जिला कलक्टर, करौली द्वारा तहसीलदार, मण्डरायल से प्रस्ताव तैयार करवाकर ग्राम घटली, पटवार हल्का नींदर, तहसील मण्डरायल स्थित खसरा संख्या 296/41, रकबा 0.5000 हैक्टेयर भूमि सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट, मण्डरायल न्यायालय की स्थापना हेतु आवंटित की जा चुकी है? यदि हां, तो विवरण सदन की मेज पर रखें।

(4) क्या सरकार प्रस्तावित मण्डरायल न्यायालय का क्षेत्राधिकार मण्डरायल, लांगरा तथा करणपुर तीनों थाना क्षेत्रों तक विस्तारित करते हुए मण्डरायल में घोषित न्यायालय को प्रारम्भ करने

का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## किशनगंज विधान सभा क्षेत्र में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीद

55. (402/सहकारिता) श्री ललित मीना (142) – क्या खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) विधान सभा क्षेत्र किशनगंज में रबी विपणन सीजन के दौरान विभिन्न क्रय एजेंसियों द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य पर कितना-कितना गेहूं खरीद का लक्ष्य तय किया गया था? क्रय एजेंसियों एवं उनके अधीन संचालित क्रय केंद्रों द्वारा कितनी-कितनी खरीद पूर्ण की गई? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या यह सही है कि सरकार द्वारा किसानों को समर्थन मूल्य का अधिक से अधिक लाभ देने के उद्देश्य से गेहूं खरीद की तिथि बढ़ाई गई थी? यदि हां, तो उक्त विधान सभा क्षेत्र में दिनांक 01 जून से 19 जून, 2026 तक उक्त क्षेत्र के किस-किस खरीद केंद्र से कितने-कितने पंजीकृत किसानों को फसल तुलाई हेतु मैसेज जारी किए गए तथा उनमें से वास्तव में कितने किसानों ने अपनी उपज की तुलाई करवाकर लाभ प्राप्त किया? केंद्रवार एवं तिथिवार विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) क्या यह सही है कि क्रय-विक्रय सहकारी समिति सीताबाड़ी/केलवाड़ा के अधीन संचालित समरानिया, केलवाड़ा एवं घट्टी केंद्रों पर 01 जून से 19 जून, 2026 की अवधि में पंजीकृत किसानों को फसल तुलाई हेतु मैसेज जारी ही नहीं किए गए? यदि हां, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(4) क्या यह भी सही है कि खरीद केंद्र समरानिया पर 2,300 से अधिक किसान पंजीकृत थे परंतु मात्र 400 से कुछ अधिक किसानों से ही गेहूं की खरीद की गई? यदि हां, तो इस अनियमितता एवं पंजीकृत किसानों को खरीद प्रक्रिया से बाहर रखने के संबंध में जिम्मेदार अधिकारियों, कर्मचारियों एवं संबंधित संचालक मंडल पर सरकार कोई कार्यवाही करने का विचार रखती है? यदि हां, तो क्या

व कब तक? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## प्रदेश में गौशालाओं को अनुदान

56. (853/गोपालन) श्री गुरवीर सिंह (42) – क्या गोपालन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) राजस्थान गौ संरक्षण एवं संवर्धन निधि लागू होने के उपरांत वर्षवार इस निधि में अधिभार के रूप में कितनी राशि प्राप्त हुई, उसमें से कितनी राशि व्यय की गई तथा प्रत्येक वर्ष के अंत में कितनी राशि अधिशेष के रूप में शेष रही? वर्षवार संख्यात्मक विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) उक्त निधि से विगत पांच वर्षो में किन-किन योजनाओं, कार्यक्रमों एवं मदों पर व्यय किया गया? योजनावार एवं वर्षवार स्वीकृत राशि, व्यय राशि तथा लाभान्वित इकाइयों का संख्यात्मक विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) प्रदेश में वर्तमान में कुल कितनी गौशालाएँ अनुदान प्राप्त करने हेतु पात्र हैं? पात्र गौशालाओं को अनुदान राशि जारी करने हेतु सरकार द्वारा क्या समय-सीमा निर्धारित की गई? विगत पांच वर्षों में वर्षवार कितनी गौशालाओं को निर्धारित समय-सीमा में अनुदान का भुगतान किया गया तथा कितनी गौशालाओं को किन कारणों से विलम्ब से भुगतान किया गया? वर्षवार विवरण सदन की मेज पर रखें।

## नेहड़ा बांध (पाली) में प्रवाहित अवशिष्ट जल की रोकथाम

57. (876/पर्यावरण) श्री भीम राज भाटी (107) – क्या पर्यावरण राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) क्या यह सही है कि विधान सभा क्षेत्र पाली स्थित नेहड़ा बांध में रंगाई-छपाई की औद्योगिक इकाइयों द्वारा अवशिष्ट जल प्रवाहित किया जा रहा है? यदि हां, तो विगत पांच वर्षों में किन-किन औद्योगिक इकाइयों की पहचान की गई है? औद्योगिक इकाइयों का नाम सहित विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) उक्त औद्योगिक इकाइयों के विरुद्ध विगत पांच वर्षों में राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल को कितनी शिकायतें प्राप्त हुईं? शिकायतों पर की गई जांच, निरीक्षण, जारी किए गए नोटिस, लगाए गए पर्यावरणीय प्रतिकर, अभियोजन, सीटीई/सीटीओ निलंबन अथवा अन्य की गई कार्यवाही का वर्षवार एवं इकाईवार विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) क्या सरकार नेहड़ा बांध को प्रदूषण मुक्त करने तथा अवशिष्ट जल को स्थायी रूप से रोकने हेतु कार्ययोजना बनाने का विचार रखती है? यदि नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## ओसियां में साइबर पुलिस थाने की स्थापना

58. (1057/गृह) श्री भैरा राम चौधरी (सियोल) (108) – क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) सरकार द्वारा साइबर अपराधों की रोकथाम के लिये क्या प्रयास किए जा रहे हैं? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) प्रदेश में विगत तीन वर्षों में साइबर अपराधों से संबंधित कितने प्रकरण दर्ज हुए? संख्यात्मक विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) क्या यह सही है कि जोधपुर जिले के ग्रामीण क्षेत्र में एक भी साइबर पुलिस थाना संचालित नहीं है? यदि हां, तो क्या सरकार ओसियां में साइबर पुलिस थाना खोलने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज रखें।

(4) क्या यह सही है कि बजट घोषणा के उपरांत सामराऊ में स्वीकृत पुलिस थाना प्रारम्भ नहीं हुआ? यदि हां, तो उक्त स्वीकृत पुलिस थाना कब तक प्रारम्भ कर दिया जाएगा? यदि नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## राजस्थान पर्यटन विकास निगम के होटलों का संचालन

59. (65/पर्यटन) श्री संदीप शर्मा (172) – क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) राजस्थान पर्यटन विकास निगम का विगत पांच वर्षों में

वर्षवार आय, व्यय एवं लाभ/हानि का विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) प्रदेश में निगम के कुल कितने होटल हैं? उक्त में से कितने संचालित हैं तथा कितने बन्द हैं?

(3) क्या सरकार निगम के होटलों में सुविधाओं का विस्तार करने एवं बन्द पड़े होटलों को पुनः प्रारम्भ करने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक?

(4) क्या यह सही है कि पूर्ववर्ती सरकार द्वारा उक्त होटलों को बेचने अथवा निजी हाथों में देने की योजना पर विचार किया गया था? यदि हां, तो कब तथा अब सरकार की क्या कार्य योजना है? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## चिड़ावा क्षेत्र के अस्पतालों में आरजीएचएस की सुविधा

60. (852/चिकित्सा एवं स्वास्थ्य) श्री पितराम सिंह काला (88) – क्या चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) क्या यह सही है कि चिड़ावा क्षेत्र के सभी आरजीएचएस सूचीबद्ध अस्पतालों का ट्रीटमेंट मैनेजमेंट सिस्टम 24 नवम्बर, 2024 से निलंबित होने के कारण राज्य कर्मचारियों एवं पेंशनरों को आरजीएचएस के अंतर्गत चिकित्सा सुविधा उपलब्ध नहीं हो रही है?

(2) क्या यह भी सही है कि चिड़ावा के अस्पतालों की विभागीय जांच, टीपीए, क्यूसीपीए, सीएजी तथा अन्य सक्षम एजेंसियों द्वारा जांच पूरी की जा चुकी है तथा जिन अस्पतालों के विरुद्ध अनियमितताएँ अथवा धोखाधड़ी के आरोप सिद्ध हुए उनके विरुद्ध विभाग द्वारा डिपैनलमेंट, आर्थिक दंड एवं अन्य नियमानुसार कार्रवाई भी की जा चुकी है? यदि हां, तो उक्त क्षेत्र के राज्य कर्मचारियों व पेन्शनरों को आरजीएचएस सुविधा का लाभ कब तक मिलना प्रारंभ हो जाएगा? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## रेवदर विधान सभा क्षेत्र में मन्दिरों का जीर्णोद्धार

61. (401/देवस्थान) श्री मोतीराम (120) – क्या

देवस्थान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) विधान सभा क्षेत्र रेवदर में ऐसे कितने पंजीकृत देवस्थान, मन्दिर व धर्मशालाएं हैं जिनके जीर्णोद्धार एवं सौन्दर्यीकरण की आवश्यकता है? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या सरकार उक्त देवस्थानों के जीर्णोद्धार एवं सौन्दर्यीकरण करने के लिए वित्तीय स्वीकृति जारी करने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) विधान सभा क्षेत्र रेवदर में सूर्य मन्दिर वरमाण में विगत दस वर्षों में कितनी बार जीर्णोद्धार अथवा मरम्मत करवाया गया?

(4) क्या सरकार उक्त मन्दिर का जीर्णोद्धार एवं सौन्दर्यीकरण करवाने का विचार रखती है? यदि हां, तो विवरण सदन की मेज पर रखें।

## लाडपुरा विधान सभा क्षेत्र में संरक्षित वन भूमि के बदले भूमि आवंटन

62. (1054/वन) श्रीमती कल्पना देवी (28) – क्या वन राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) विधान सभा क्षेत्र लाडपुरा में वन संरक्षण अधिनियम, 1980 के प्रावधानों के तहत विगत तीन वर्षों में संरक्षित वन भूमि का क्षतिपूरक वनीकरण के तहत डायवर्जन किया गया? यदि हां, तो डायवर्जन वन भूमि को गैर वन भूमि के आवंटन का विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) उक्त वन भूमि के डायवर्जन के कितने प्रस्ताव सरकार को कब-कब भेजे गये हैं? उक्त में से कितने प्रस्तावों को स्वीकृत किया गया है तथा कितने प्रस्ताव निरस्त किये गये एवं कितने प्रस्ताव किन कारणों से लम्बित हैं? सरकार द्वारा लम्बित प्रस्तावों का कब तक निस्तारण

कर दिया जायेगा? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## जिला झालावाड़ में डीएमएफटी के तहत स्वीकृत कार्य

63. (138/खान एवं पेट्रोलियम) श्री सुरेश गुर्जर (176) – क्या खान एवं पेट्रोलियम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) झालावाड़ जिले में वर्तमान में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट के अंतर्गत कितनी राशि उपलब्ध है तथा डीएमएफटी राशि के उपयोग के लिए सरकार की क्या गाइडलाइन है? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) वर्ष 2023 से जुलाई, 2026 तक जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट के अंतर्गत कितनी-कितनी राशि संकलित हुई तथा कितनी व्यय की गई? वर्षवार संख्यात्मक विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) क्या यह भी सही है कि उक्त फण्ड के तहत 70% राशि उच्च प्राथमिकता वाले कार्यों हेतु व 30% अधोसंरचना पर व्यय की जानी थी तथा सभी योजनाएं खनन प्रभावित क्षेत्र के 25 किलोमीटर दायरे में होनी थीं? यदि हां, तो इन नियमों की पालना किस स्तर पर की गई? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## पीपल्दा विधान सभा क्षेत्र में बजट घोषणा में स्वीकृत कार्य

64. (471/वित्त) श्री चेतन पटेल कोलाना (53) – क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) क्या यह सही है कि सरकार द्वारा जारी आदेश अ.शा.टीप प.10(41) वित्त/व्यय-4 एवं सा.वि./2022, दिनांक 22.12.2023 की पालना में विधान सभा क्षेत्र पीपल्दा में विगत सरकार की बजट घोषणा वर्ष 2023-24 के स्वीकृत कार्यों के निर्माण पर आगामी आदेश तक रोक लगा दी गई है? यदि हां, तो रोके गए कार्यों का विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) सरकार द्वारा वर्ष 2023-24 के स्वीकृत कार्यों के निर्माण किस आदेश के तहत किन कारणों से

रोके गये हैं? सरकार उक्त स्वीकृत कार्यों को कब तक पूर्ण करवाने का विचार रखती है? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## प्रदेश में प्रसव के दौरान मृत्यु के प्रकरण

65. (1148/चिकित्सा एवं स्वास्थ्य) श्री अर्जुन लाल जीनगर (13) – क्या चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) क्या यह सही है कि हाल ही में प्रदेश में प्रसव के दौरान मातृ व शिशु मृत्यु के मामले सामने आए हैं? यदि हां, तो विगत तीन वर्षों में कितने मामले ऐसे आए हैं जिसमें प्रसव के दौरान मातृ व शिशु मृत्यु हुई है? जिलेवार संख्यात्मक विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) महात्मा गांधी चिकित्सालय भीलवाड़ा में विगत छः माह में प्रसव के दौरान मातृ व शिशु मृत्यु के कितने मामले सामने आए हैं? उक्त मामलों में किन-किनकी लापरवाही रही? क्या सरकार दोषी अधिकारी व कर्मचारियों के विरूद्ध कार्यवाही करने का विचार रखती है? यदि हां, तो क्या व कब तक व नहीं, तो क्यों?

**विधान सभा भवन,**
**जयपुर।**
**दिनांक : 12 अगस्त, 2026**

**भारत भूषण शर्मा**
**प्रमुख सचिव**